खबर संक्षेप



श्रीमद् देवी भागवत नवाह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन 11 अक्टूबर से

स्लीमनाबाद। शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सिंहवाहिनी मंदिर, स्लीमनाबाद में विश्व कल्याण की कामना को लेकर 11 अक्टूबर से श्रीमद् देवी भागवत नवाह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जायेगा ।आयोजन के शुभारंभ अवसर पर 11 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से भव्य कलश शोभा यात्रा से किया जायेगा ।देवी कथा का वाचन कथा व्यास पूज्य गुरुदेव डॉ. दिलीप पौराणिक के मुखारविंद से किया जायेगा ।आयोजकों ने सभी श्रद्धालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया हैं।

छात्र छात्राओं ने नाटक के माध्यम से दिया नाश मुक्ति का संदेश

सिलौंडी। सिलौंडी बस स्टैंड में शासकीय महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने नाटक के माध्यम से नाश मुक्ति का संदेश दिया है ।छात्र छात्राओं ने नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नाश से दूर रहने की अपील किया है।इस कार्यक्रम की संयोजक डॉक्टर ममिता पटले सहयोगी सदस्यों में डॉक्टर संदीप कपूर पंकज मिश्रा डॉक्टर अजय कुमार महाविद्यालय के प्राचार्य रतिराम अहिरवार आदि के साथ समस्त स्टाफ एवं छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

हादसे में गायक अतुल दुबे की हुई मौत

बरही। थाना क्षेत्र के ग्राम करेला निवासी भागवत कथा वाचक पं. अशोक शास्त्री के छोटे गायक अतुल दुबे 28 वर्ष का गत दिवस सड़क दुघर्टना में आकस्मिक मौत हो गई। हादसा मंगलवार की रात्रि 9 बजे के करेला के समीप हुआ। बताया जाता है कि अतुल दुबे केवलारी से भागवत कथा से बाइक से लौट रहे थे इसी बीच मवेशी से टकराने की वजह से हादसा हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल अतुल को ग्रामीणों व खितौली पुलिस की मदद से बरही सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा पोस्ट मार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

सिलौंडी में श्री कालिका महापुराण कथा का होगा नौ दिवसीय आयोजन

सिलौंडी। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री कालिका महापुराण कथा सोपान का भव्य आयोजन सिलौंडी मुख्य बाजार में किया जा रहा है। नौ दिनों तक चलने वाली इस दिव्य कथा में आदिशक्ति माँ कालिका के विभिन्न स्वरूपों, लीलाओं और महिमा का वर्णन किया जाएगा। कथा व्यास गुरुदेव रुद्रांत शास्त्री द्वारा प्रतिदिन माँ के अलग-अलग चरित्रों पर प्रवचन होंगे। प्रथम दिवस भगवती महाकाली के परिचय, द्वितीय दिवस सती-शिव विवाह एवं शक्तिपीठों की उत्पत्ति, तृतीय दिवस शिव-पार्वती विवाह, चतुर्थ दिवस महिषासुर वध, पंचम दिवस चण्ड-मुण्ड वध एवं काली-चामुण्डा स्वरूप, षष्ठम दिवस शाकम्भरी-शताक्षी स्वरूप, सप्तम दिवस देवी पूजा परिपाटी, अष्टम दिवस कामाख्या महिमा एवं नवम दिवस पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन होगा।विशेष कार्यक्रम आकर्षण का केंद्रआयोजन समिति ने बताया कि कथा के साथ-साथ कई विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम भी होंगे। द्वितीया से अष्टमी तक प्रातः 7 बजे पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पंचमी को प्रातः 11 बजे भगवती सहस्त्रार्चन, सप्तमी को प्रातः 7 बजे दुर्गासप्तशती द्वारा महाभिषेकम, सप्तमी-अष्टमी-नवमी को प्रातः 11 बजे गुरु दीक्षा समारोह होगा।प्रत्येक रात्रि 8 बजे श्री भद्रकाली प्रत्यंगिरा महायज्ञ एवं अष्टमी की रात्रि 9 बजे माँ जगदंबा के विराट स्वरूप की महाआरती एवं भोग अर्पण किया जाएगा।

बड़वारा क्षेत्र में कई ग्रामों एवं तटीय क्षेत्रों में रेत की मची लूट, सरकार को राजस्व चपत

प्रशासनिक ढिलाई या माफियाओं की दबंगईः नियमों को रौंदकर हो रहा रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन

खनिज संपदा से भरपूर जिले में माफियाओं, दबंगों एवं सियासी संरक्षण प्राप्त रसूकदारों द्वारा खनिज संपदा का जमकर दोहन किया जा रहा हैं। प्रशासनिक स्तर पर बरती जा रही ढिलाई या मूक सहमति के चलते अवैध उत्खनन कर्ताओं की जेबें तो भर रहीं हैं लेकिन सरकार को तगड़ी राजस्व चपत भी लग रही है। दूसरी ओर बेजा उत्खनन से नदी-नालों पहाड़ियों का अस्तित्व बिगड़ रहा है, ओवरलोड परिवहन से सड़कों की हालत बेहद दयनीय हो रही है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन हो रहा है। उत्खननकर्ता हाइवा, डंफरों एवं ट्रैक्टरों से नियमों को दरकिनार कर नदियों की सूरत बिगाड़ रहे हैं। तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़ा, देवरी और आसपास के तटीय इलाकों में चल रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार प्रशासन की बेपरवाही के चलते माफिया प्रतिदिन 15 से 20 ओवरलोड हाइवा अवैध रेत भरकर खुलेआम सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। क्षेत्रीय लोगों का सीधा आरोप है कि इस पूरे अवैध कारोबार में रसूखदारों के प्रभाव के कारण कोई भी अधिकारी इन पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। स्थिति यह बन चुकी है कि नियमों का पालन कराने वाला प्रशासनिक तंत्र रसूखदारों के दबाव के आगे पूरी तरह नतमस्तक नजर आ रहा है।

जान बूझकर तो अनदेखी नहीं

ग्राम पंचायत गुड़ा देवरी में रेत निकासी का कारोबार किया जा रहा है। इस रेत को खेतों, सुनसान इलाकों और अन्य गुप्त ठिकानों पर बड़े पैमाने पर डंप किया जा रहा है। इतनी बड़ी मात्रा में हो रहे उत्खनन और परिवहन के बावजूद खनिज विभाग, राजस्व विभाग और स्थानीय प्रशासन की चुप्पी ने उनकी कार्यशैली पर गहरा संदेह पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पूरा खेल बिना उच्चस्तरीय मिलीभगत के संरक्षण के बिना संभव ही नहीं है।

सड़कें सस्तहाल, गिरता जलस्तर

अवैध और अनियंत्रित उत्खनन के कारण नदियों का प्राकृतिक जलस्तर गिर रहा है और आसपास के पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंच रही है। इसके अलावा, दिन-रात तेज रफ्तार से दौड़ने वाले ओवरलोड हाइवा वाहनों से ग्रामीण सड़कों की हालत जर्जर हो चुकी है, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना रहता है।

कलेक्टर से जांच की दरकार

रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर स्थानीय नागरिकों ने जिला कलेक्टर और खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि खनिज, राजस्व और पुलिस की एक संयुक्त विशेष टीम बनाकर मौके की जांच कराई जाए, अवैध स्टॉक को जब्त किया जाए और इस पूरे सिंडिकेट में शामिल दोषियों व उन्हें संरक्षण देने वालों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

अनियमितिताओं पर 5 मेडिकल स्टोर्स की औषधि अनुज्ञप्तियां निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में औषधियों के क्रय-विक्रय, भंडारण एवं वैधानिक अभिलेखों के संधारण में निर्धारित प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मेडिकल स्टोर्स का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक द्वारा औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर पांच मेडिकल स्टोर्स की औषधि अनुज्ञप्तियां निलंबित की गई हैं।

निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय-विक्रय बिल, विक्रय अभिलेख, वैधानिक रजिस्टर, औषधियों के रख-रखाव एवं भंडारण तथा शेड्यूल एच एवं एच-1 औषधियों से संबंधित अभिलेखों में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप कमियां पाई गईं। संबंधित प्रतिष्ठानों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। जवाबों के परीक्षण के बाद संतोषजनक जवाब नहीं पाए जाने पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली, के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई।

मेसर्स लकी फार्मा, ग्राउंड एवं फर्स्ट फ्लोर, हीरागंज के निरीक्षण में औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेखों में अनियमितताएं मिलीं। नशे के रूप में दुरुपयोग की संभावना वाली औषधियों के विक्रय संबंधी बिल एवं अभिलेखों के संधारण में भी कमियां पाई गईं। कारण बताओ सूचना पत्र के जवाब का परीक्षण करने के बाद जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर प्रतिष्ठान की औषधि अनुज्ञप्तियां तत्काल प्रभाव से 10 दिवस के लिए निलंबित की गई हैं।

साथ ही मेसर्स भमृति मेडिकल एंड प्रोविजन्स, माधवनगर की औषधि अनुज्ञप्तियां 7 दिवस, मेसर्स श्री जय मेडिकल स्टोर्स, ऑटो स्टैंड माधवनगर की 3 दिवस, मेसर्स मोहित फार्मानिक, ए.डी.एम. लाइन माधवनगर की 5 दिवस तथा मेसर्स वसंत मेडिकल एजेंसीज, ग्राउंड, फर्स्ट एवं सेकंड फ्लोर, हीरागंज की औषधि अनुज्ञप्तियां 5 दिवस के लिए निलंबित की गई हैं।

निलंबन अवधि में संबंधित प्रतिष्ठानों से औषधियों का क्रय-विक्रय पूर्णतः बंद रहेगा। जिला प्रशासन ने सभी औषधि विक्रेताओं को क्रय-विक्रय बिल, स्टॉक एवं विक्रय रजिस्टर सहित अन्य वैधानिक अभिलेखों का उचित एवं अद्यतन संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से ऐसी औषधियों, जिनका नशे के रूप में दुरुपयोग होने की संभावना रहती है।

बिल देखकर उपभोक्ता के उड़े होश, ननि से जांच कराने की मांग

ये तो हद हो गई.. 2027 तक का जल कर है जमा, ननि ने भेज दिया 1.82 लाख का बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगम प्रशासन द्वारा सालों से करों का भुगता नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से वसूली के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बकायादारों के घरों में जाकर कर जमा करने को कहा जा रहा है, बड़े बकायादारों को नोटिस थमाया जा रहा है, यहां तक कि कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही हो रही है।

इसी बीच एक ऐसा मामला सामने आया जिससे एक उपभोक्ता को बड़ा झटका लगा। निगम प्रशासन द्वारा 1.82 लाख रूपये से अधिक का बकाया जल कर जमा करने का बिल थमाया गया। इतनी बड़ी राशि देखकर उपभोक्ता का सिर चकरा गया। नगर निगम द्वारा बिना जांच पड़ताल के ही बिल थमा दिया गया।

2027 तक का भुगतान

गोपाल सिंघानिया वल्लभ दास अग्रवाल वार्ड जिसका कन्जूमर आई०डी० 10002311372 है जिसका कि लगातार भुगतान किया जा रहा है और वर्तमान में मार्च 2027 तक का भुगतान हो चुका है जिसकी रसीद भी उनके पास है। बावजूद इसके निगम प्रशासन द्वारा उपभोक्ता को गत दिवस 1,82,648 रूपये का बिल भेजा गया जिसका कंजुमर आई०डी० 10002307078 है यह कनेक्शन कहाँ पर लगा हुआ है इसकी कोई जानकारी नही है। उपरोक्त रूपये का मेसेस आया वैसे ही उपभोक्ता सदमे में आ गया और उसका बी०पी० हाई हो गया चूंकि उपभोक्ता हृदय रोग पीड़ित है। दोनो कनेक्शन की जांच करा फर्जी बिल को रद्द किये जाने की मांग उपभोक्ता द्वारा निगम प्रशासन से की गई है।

पार्षद ने सौंपी शिकायत

पूर्व पार्षद राजेश जाटव ने निगमायुक्त को दी गई शिकायत में बताया कि मेरे द्वारा पूर्व में दिनांक 09.09.2025 को एक पत्र लिखा था जिसकी छायाप्रति संलग्न है। जिसमें आपके द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि एम०आई०सी० की बैठक एवं परिषद की बैठक होगी उस पर इस मुद्दे पर निर्णय लिया जावेगा। दिनांक 09.09.2026 को भी एक पत्र इस सन्दर्भ में मेरे द्वारा भेजा गया है। दिनांक 23.03.2026 को एमआईसी की बैठक हुई एवं दिनांक 29 अप्रैल 2026 को परिषद की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि जल कर में जो चक्रवर्ती ब्याज लगता है उसे माफ कर दिया जावेगा। आज दिनांक तक कोई भी आदेश आयुक्त द्वारा इस संबंध में पारित नही किया गया है।

वन्यप्राणियों पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन



वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन पर वन परिक्षेत्र रीठी अंतर्गत सुदूर ग्राम नेगवा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वन विभाग द्वारा वन्यप्राणियों पर आधारित चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र -छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने ग्राम में रैली निकालकर वन्यप्राणी सुरक्षा का संदेश दिया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पटेल ने बताया कि प्रति वर्षानुसार वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक मनाया गया।जिसमें विभाग द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष गश्त अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य विपिन तिवारी, परिक्षेत्र सहायक सलैया महंत सिंह परिहार, बीट प्रभारी राजू विश्वकर्मा, हरेन्द्र काछी, रोहित कोल, राममनोहर रघुवंशी एवं नैगवा समिति अध्यक्ष खूबसिंग उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को जैविक कीटनाशकों के निर्माण एवं फसलों में उपयोग का दिया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी बनाने तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जैविक खेती का तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा विद्यार्थियों को जैविक कृषि एवं कम लागत वाली खेती की तकनीकों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान देसी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के जैविक खेती में उपयोग, विभिन्न जैविक कीटनाशकों के निर्माण तथा फसलों में उनके उपयोग की विधियां बताई गईं। विद्यार्थियों को बताया गया कि गोमूत्र का उपयोग फसलों में रोग नियंत्रण, बीज उपचार, जैविक कीटनाशक एवं शीघ्र खाद के निर्माण तथा पौध पोषण के लिए किया जा सकता है।

विशेषज्ञ ने बताया कि देसी गाय के एक ग्राम गोबर में बड़ी संख्या में उपयोगी सूक्ष्म जीवाणु पाए जाते हैं, जो जैविक खेती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले काटने-कुतरने वाले, रस चूसने वाले तथा फल छेदक कीटों की पहचान एवं उनके नियंत्रण के उपायों की जानकारी भी दी गई।

विद्यार्थियों को गोमूत्र एवं नीम की पत्तियों से तैयार होने वाले पांच पत्ती काढ़ा, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं अग्निअस्त्र जैसे जैविक कीटनाशकों के निर्माण और फसलों में उपयोग का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ग्राम में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर खेती की लागत कम करने तथा जीरो बजट फार्मिंग की दिशा में जैविक कीटनाशक तैयार करने की तकनीक समझाई गई।

एनएसयूआई ने धरना प्रदर्शन कर किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और दिल्ली में कांग्रेस नेताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ढीमरखेड़ा एवं NSUI ने गुरुवार को प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने 8 अक्टूबर को 'काला दिवस' के रूप में मनाते हुए चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आनंद मिश्रा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित INDIA ब्लॉक के सांसदों के साथ पुलिस द्वारा कथित रूप से दुर्व्यवहार और लाठीचार्ज किया गया। कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों और संविधान पर हमला बताते हुए विरोध दर्ज कराया।

ज्ञापन में घुघरा से कछारगांव मार्ग तथा ग्राम पंचायत बड़ी पौड़ी के मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति का मुद्दा उठाते हुए सड़क निर्माण एवं मरम्मत की मांग की गई। बिजली उपभोक्ताओं को बिना मीटर रीडिंग के कथित तौर पर अधिक बिल मिलने की शिकायत की जांच कराने और राहत देने की मांग रखी गई।इसके अलावा संगमा-लालपुर-दतला नदी पुल का निर्माण, दूषित पेयजल की समस्या का निराकरण, नाली में डाली गई पेयजल पाइपलाइन को दुरुस्त कराने, खमरिया (खमतरा) में वर्ष 2016 में घोषित शासकीय हाईस्कूल का निर्माण शुरू कराने तथा क्षेत्र में अवैध शराब पैकरियों पर रोक लगाने की मांग की गई। किसानों के लिए धान खरीदी का पंजीयन शीघ्र शुरू करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। NSUI जिला महासचिव सागर शुक्ला के नेतृत्व में छात्रों ने शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा की समस्याओं को लेकर अलग ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने महाविद्यालय में M.A. एवं M.Sc. की स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करने, NCC विंग की स्थापना, छात्र-छात्राओं के लिए निजी बसों के किराए में रियायत तथा ढीमरखेड़ा में ही शासकीय ITI भवन का निर्माण कराने की मांग की। ज्ञापनकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासी एवं NSUI चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इस दौरान कांग्रेस एवं NSUI कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से कार्रवाई करने की अपेक्षा जताई।

इस दौरान पूर्व विधायक विजय राघवेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद मिश्रा, रणजीत सिंह, मुकेश परोहा, अजय खटीक सागर शुक्ला लूनेस्वर पुरी आदि उपस्थित रहे।

युवाओं से टीबी निदान और जागरूकता अभियान से जुड़ने का आह्वान

टीबी मुक्त घोषित पंचायतों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और जिले को क्षय रोग मुक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में जोश (जॉइंट स्क्वाड फॉर हेल्थ) टीबी मुक्त भारत टीम के शुभारंभ का जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत नई दिल्ली में आयोजित टीबी मुक्त भारत टीम के केंद्रीय शुभारंभ कार्यक्रम के लाइव प्रसारण से हुई। जिला पंचायत सभागार में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, बीएमओ, एनसीसी अधिकारियों, स्काउट-गाइड, माय भारत वॉलेंटियर्स तथा विभिन्न ब्लॉकों की नि-क्षय टीम के सदस्यों ने केंद्रीय कार्यक्रम को देखा और टीबी उन्मूलन के संकल्प से जुड़े।

कार्यों की दी जानकारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर ने टीबी रोग की रोकथाम और समय पर जांच एवं उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने टीबी मुक्त भारत टीम के गठन की आवश्यकता, उसकी भूमिका एवं कार्यों की जानकारी दी। जबकि सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय कटनी डॉ. यशवंत वर्मा ने टीबी उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से टीबी की रोकथाम के अभियान को और प्रभावी बनाया जा सकता है।

जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेंद्र दीवान ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में नि-क्षय मित्र बनकर टीबी उन्मूलन की दिशा में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने जिले के युवाओं का आह्वान किया कि वे टीबी के शीघ्र निदान, जागरूकता एवं उपचार संबंधी संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर आशीष लाहोरिया ने टीबी के उपचार की प्रक्रिया एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में वर्ष 2025 में टीबी मुक्त घोषित पंचायतों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। पंचायत पदाधिकारियों को टीबी उन्मूलन की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए सम्मानित करते हुए भविष्य में भी निरंतर सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। इस दौरान उपस्थित पंचायत पदाधिकारियों को टीबी उन्मूलन की शपथ भी दिलाई गई।

जोश टीम के माध्यम से जिले में एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड, माय भारत वॉलेंटियर्स तथा अन्य युवा समूहों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इन युवाओं के माध्यम से टीबी की पहचान, जांच, उपचार, जागरूकता और जनभागीदारी से जुड़े संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

स्वस्थ शरीर के लिए पोषण आहार का सेवन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में मंगलवार को स्वास्थ्य पोषण एवं महिला स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ स्थानीय स्तर पर पोषक तत्वों से भरपूर अनाजो एवं सब्जियों से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गईं जहाँ स्वच्छता, स्वास्थ्य के फायदे के बारे मे बतलाया गया ओर हाथ धुलाई कार्यक्रम हुआ।

चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे के द्वारा महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी दी गईं!चिकित्सा अधिकारी नें कहा कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित पोषक तत्व खाने चाहिए।जिससे आप रोगों से दूर रहेंगे । इसलिए खाने में प्रतिदिन पोषक तत्व घर में जरूर खिलाएं। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।महिलाओं को उनके बच्चों की वृद्धि ,निगरानी और विकास के बारे में समझाया गया।

खून की कमी से होती है एनीमिया बीमारी

चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने स्वस्थ्य माता-स्वस्थ्य शिशु पर पोषण संवाद किया!जहाँ बच्चों मे मोटापे को दूर करने के लिए स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने पर बल दिया गया। साथ ही एनीमिया के संबंध मे जागरूकता संदेश दिया गया!कहा कि खून की कमी से एनीमिया की बीमारी होती है। महिलाओ को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया!साथ ही स्वच्छता संबंधी टिप्स अपनाने को कहा गया। इस दौरान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय, डॉ किरण खरादी, डॉ अनिल शाक्य,डॉ प्रविता सिंह, डॉ पूनम पांडेय, श्रेया मिश्रा, अंजना पांडेय सहित महाविद्यालय स्टॉफ व छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप

5 नवंबर तक होगा कोदो-कुटकी उपार्जन के लिये पंजीयन

कटनी। खरीफ वर्ष 2026 में कोदो-कुटकी के उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने कोदो-कुटकी की बोनी करने वाले किसानों से अपनी फसल की गिरदावरी समय पर कराने की अपील की है, ताकि वे ई-उपार्जन पोर्टल पर अपनी उपज का पंजीयन करा सकें और उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर सकें। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2026 में ई-उपार्जन पोर्टल पर कोदो एवं कुटकी के उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत कटनी जिले का चयन कोदो-कुटकी उपार्जन के लिए किया गया है। जिले में विगत वर्षों में भी कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जाता रहा है। कोदो-कुटकी उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर कृषकों का पंजीयन 5 नवंबर तक किया जाएगा। कृषि विभाग ने अपील की है कि जिन किसानों ने अपने खेतों में कोदो अथवा कुटकी की बोनी की है, वे संबंधित हल्का पटवारी के माध्यम से अपनी फसल की गिरदावरी अवश्य कराएं। गिरदावरी दर्ज होने के बाद किसान कोदो-कुटकी फसल का पंजीयन कराकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपनी उपज का उपार्जन करा सकेंगे।

बीज रोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

स्लीमनाबाद। बहोरीबंद वन विभाग कार्यालय से एक प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई है, जहाँ बात सिर्फ ड्यूटी की नहीं, बल्कि सेवा के संकल्प की है। वन परिक्षेत्र बहोरीबंद कार्यालय मै सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत वृहद स्तर पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया।वन परिक्षेत्र बहोरीबंद के समस्त स्टाफ और वन सुरक्षा श्रमिकों ने मिलकर पूरे प्रांगण से पॉलीथीन, डिस्पोजल आइटम, झाड़ियां, कचरा और घास को साफ कर उसका निस्तारण किया।सिर्फ सफाई ही नहीं, पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम, सरपंच प्रतिनिधि ब्रजेश गुप्ता और स्टाफ द्वारा प्रांगण में बीजा के पौधों का रोपण भी किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पर्यावरण और वनों को अवैध कटाई, अवैध अग्नि जैसी घटनाओं से सुरक्षित रखने और बचाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम, सरपंच प्रतिनिधि ब्रजेश गुप्ता सहित समस्त परिक्षेत्र सहायक, वनरक्षक, स्थायीकर्मी और सुरक्षा श्रमिकों की उपस्थिति रही।

रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किया जब्त



कटनी। अवैध रेत खनन एवं परिवहन के खिलाफ बरही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम झिरिया से लगे क्षेत्र में रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद थाना बरही परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम झिरिया क्षेत्र से अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस को मैसी कंपनी का ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत से भरा हुआ मिला। वाहन चालक द्वारा रेत परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस ने पंचों एवं गवाहों की मौजूदगी में ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे, सहायक उप निरीक्षक दिनेश सिंह बघेल, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव, विवेक यादव एवं सोनू लाल आर्मो की विशेष भूमिका रही।बरही पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध खनन एवं अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

पर्व की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त ने जालपा मंदिर से गाटर घाट तक किया निरीक्षण

नवरात्रि के पर्व में श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं एवं समस्याओं का न रहे कोई दर्द, दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शारदेय नवरात्र पर्व 11 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रहा है। नवरात्रि, जवारा विसर्जन एवं आगामी दशहरा चल समारोह को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और पर्व के दौरान यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार आईएएस ने गुरुवार को शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों, जुलूस मार्ग और प्रतिमा विसर्जन स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया।

निगमायुक्त ने जालपा देवी मंदिर, गोलबाजार स्थित रामलीला मैदान, स्टेशन रोड से आजाद चौक तक मुख्य जुलूस मार्ग तथा गाटर घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जालपा मंदिर से निरीक्षण की शुरुआतनिगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने निरीक्षण की शुरुआत जालपा वार्ड स्थित मां जालपा देवी मंदिर से की। उन्होंने मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया तथा नगरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर के पुजारी श्री लालजी पंडा से संवाद कर नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निगमायुक्त ने मंदिर प्रवेश द्वार के समीप मार्ग का समतलीकरण कराने तथा बजरंगबली मंदिर के पास खुली नालियों को ढकने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर के अन्य पहुंच मार्गों का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई, प्रकाश, जल निकासी एवं आवागमन से जुड़ी व्यवस्थाओं को समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

अव्यवस्था देख जताई नाराजगी

निगमायुक्त ने गोलबाजार स्थित रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। मैदान परिसर में अव्यवस्थित रूप से लगी दुकानों को देखकर निगमायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की तथा दुकानों को व्यवस्थित कराने के साथ ही पूरे परिसर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल का भी निरीक्षण किया और आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र कराने को कहा।

नवरात्रि, जवारा एवं प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए निगमायुक्त ने पंचमुखी हनुमान मंदिर से सुभाष चौक, झंडा बाजार, सुक्खन चौक, आजाद चौक होते हुए गाटर घाट तक जुलूस मार्ग का पैदल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क पर मौजूद गड्ढों को अच्छी तरह फिलिंग कर मार्ग को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क किनारे लगे अस्थायी अतिक्रमण एवं निर्माण सामग्री को हटाने तथा खुली नालियों को कवर कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सुश्री परिहार ने जुलूस मार्ग पर विद्युत तारों की स्थिति का भी जायजा लिया और संबंधित विभाग को तारों को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति निर्मित न हो।

निरीक्षण के अंतिम चरण में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार गाटर घाट पहुंचीं। यहां उन्होंने प्रतिमा विसर्जन स्थल एवं कृत्रिम विसर्जन कुंड स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट तक पहुंचने वाले मार्ग का समतलीकरण कराने तथा पर्याप्त आकार का व्यवस्थित अस्थायी विसर्जन कुंड तैयार कराने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में प्रतिमाओं का विसर्जन गाटर घाट में होता है। ऐसे में भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एनजीटी एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्थायी एवं प्रभावी विसर्जन व्यवस्था विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने विसर्जन स्थल पर सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, माइक, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और विसर्जन प्रक्रिया व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। गाटर घाट के समीप लो-लाइन एरिया में निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त ने संबंधित निर्माणाधीन भवनों एवं भू-स्वामियों को नियमानुसार नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

अतिक्रमण नियंत्रण को सक्रिय रहेगी पांच विशेष टीमें

कटनी। नगर में अतिक्रमण नियंत्रण व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी के अतिक्रमण विभाग द्वारा 5 विशेष टीमों का गठन किया गया है। गठित टीमें रोजाना अपने-अपने आवंटित वार्डों में नियमित निरीक्षण करते हुए अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि जारी आदेश के अनुसार टीम क्रमांक 01 को वार्ड 01 से 09, टीम क्रमांक 02 को वार्ड 10 से 18, टीम क्रमांक 03 को वार्ड 19 से 27, टीम क्रमांक 04 को वार्ड 28 से 36 तथा टीम क्रमांक 05 को वार्ड 37 से 45 तक का दायित्व सौंपा गया है। प्रत्येक टीम में सुपरवाइजर सहित संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। सभी टीमों की कार्य अवधि प्रातः 10:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक निर्धारित की जाकर टीमों द्वारा आवंटित वार्डों में नियमित भ्रमण एवं निरीक्षण के साथ शहर में पूर्व से निर्धारित एवं चिह्नित स्थलों की भी सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए है। निर्धारित स्थलों पर किसी भी प्रकार का अव्यवस्था अथवा अतिक्रमण पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

शांति समिति की बैठक में त्यौहारों को लेकर हुई चर्चाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



बड़वारा थाना परिसर में बड़वारा थाना प्रभारी सुयश पाण्डे एवम बड़वारा नायब तहसीलदार हर्षवर्धन राम टेके तथा गणमान्य जनों की उपस्थिति में शांति सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि प्र शामिल हुए । समस्त दुर्गा समितियों के आयोजकों ने हर्ष उल्लास के वातावरण में पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग और आपसी समन्वय बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवम गणमान्य जनों ग्राम पंचायत के सरपंचों तथा आम नागरिकों ने आगामी नवरात्रि दशहरा के पावन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं के संदर्भ में पुलिस, प्रशासन स्थानीय पँचायत व जनपद पँचायत के पदधिकारियों सहित विद्युत विभाग जेई सुमित सिन्हा भी उपस्थित हुए।।

दशहरा महोत्सव समिति ने विद्युत व्यवस्था,मार्गो का दुरुस्तीकरण, सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था, पुलिस की निगरानी एवं तैनाती , सुगम यातायात सहित दशहरा जुलूस मार्ग पर लाउडस्पीकर एवं कंट्रोल रूम , अनेक स्थानों की बैरिकेडिंग , पेयजल , प्रसाधन , सुविधा जनक विसर्जन की समुचित व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन से व्यवस्था बैठक में दुर्गा समितियों ने मंशा व्यक्त कर इस बात पर जोर दिया है कि कि स्थानीय पुलिस व राजस्व विभाग के द्वारा नवरात्रि के पूर्व गड्ढे युक्त सड़को की मरम्मत एवं दुरुस्त कर शासन-प्रशासन के साथ संवाद, समन्वय एवं सहयोग बनाए रखते हुए दशहरा महापर्व को भव्यता और दिव्यता के साथ उत्साह पूर्वक मनाने का संकल्प लिया।

जनप्रतिनिधियों दशहरा महोत्सव समिति का निरंतर प्रयास है कि सभी समितियों के सहयोग और आपसी समन्वय से कटनी शहर की ऐतिहासिक परंपरा, संस्कृति और विरासत को पुनः गौरवशाली बनाया जा सके , जिसके लिए हमारा बड़वारा ग्राम वर्षों से जाना जाता रहा है। दशहरा पर्व के दिन बड़वारा व आस पास के ग्रामों में शराब विक्रय पर सख्ती के साथ रात्रि में शराब विक्रय पर रोक लगाए जाने की ग्राम वासियों व जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की जिस पर बड़वारा थाना प्रभारी सुयश पाण्डे एवम नायब तहसीलदार हर्षवर्धन रामटेके ने हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, बड़वारा थाना प्रभारी सुयश पांडेय, जनपद सदस्य सुनील सिंह, संकरी गढ़ ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश त्रिपाठी, बड़वारा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विकास निगम, एनडी तिवारी, हर्ष द्विवेदी, केतन गर्ग, गुड्डू साहू, ओमकार सिंह खली, ललन सिंह, संजू जायसवाल, पूर्व सैनिक संतोष दुबे, अरुण निगम रवि कचेर आदि लोग मौजूद रहे।

तिलक कॉलेज में नशा मुक्त भारत पर हुई प्रतियोगिता



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'नशामुक्त युवा भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रो. सुनील कुमार बाजपेई के निर्देशन तथा कार्यक्रम प्रभारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग और जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता में दीपा विश्वकर्मा ने प्रथम, अमित साहू ने द्वितीय तथा प्रज्ञा सोनी एवं करण चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्रो. जी.एम. मुस्तफा, प्रो. ज्योत्सना आठया एवं डॉ. सुचि सिंह ने निभाई।

स्कूल के पास टपरों में गुटखा, तंबाखू का हो रहा था विक्रय, पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

मुखबिर की सूचना पर बरही पुलिस ने दो टपरों पर की कार्यवाही

शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए बरही पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बरही के मुख्य गेट के सामने संचालित दो पान टपरों से पुलिस ने गुटखा, तंबाकू पुड़िया, सिगरेट के पैकेट सहित अन्य नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी बरही निरीक्षक अरविन्द कुमार चौबे को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बरही के मुख्य गेट के सामने संचालित दो पान टपरों पर स्कूली बच्चों को गुटखा, पान, तंबाकू, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थ बेचे जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों टपरों की तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पवन तिवारी पिता रामनरेश तिवारी 34 वर्ष निवासी देवरा खुर्द तथा कोमल चौधरी पिता गिरधारी चौधरी 21 वर्ष निवासी मनघटा थाना बरही के पान टपरों से नशीली सामग्री जब्त की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। यह प्रावधान शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक से संबंधित है। इसके साथ ही भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत भी कार्रवाई करते हुए परिवाद तैयार किया गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार चौबे, उप निरीक्षक विनोद कांत सिंह, उप निरीक्षक रामसखा वर्मा एवं आरक्षक भानु पांडेय की सराहनीय भूमिका रही।

बरही पुलिस ने आमजन से अपील की है कि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

मेरी सेवा मेरा योगदान के तहत नैगवां स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

विद्यार्थियों से कहा बेहतर पढ़ाई कर आगे बढ़ें और परिवार का नाम करें रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 'मेरी सेवा, मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत डीएफओ गर्वित गंगवार रीठी विकास खंड के सुदूर आदिवासी अंचल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेगवां पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों से शैक्षिक संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति उत्साह, आत्मविश्वास और निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

डीएफओ गंगवार ने विद्यार्थियों के साथ अपने कक्षा 12वीं तक के अध्ययन के संस्मरण साझा किए। उन्होंने बताया कि सीमित सुविधाओं के बावजूद मेहनत, लगन और आगे बढ़ने के जज्बे के कारण ही वे अपने लक्ष्य तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा अथवा नौकरी को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और निरंतर तैयारी आवश्यक है।उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज उन्हें पढ़ाई के लिए बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। उनके समय में संसाधन अपेक्षाकृत कम थे, लेकिन मन में कुछ बड़ा करने और एक दिन बड़े अधिकारी बनने का जज्बा था। यदि व्यक्ति के भीतर आगे बढ़ने का दृढ़ संकल्प हो तो वह निश्चित रूप से अपने मुकाम तक पहुंच सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से बेहतर पढ़ाई कर आगे बढ़ने तथा अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

विद्यार्थियों ने डीएफओ की बातों को गंभीरता और उत्साह के साथ सुना। विद्यालय के प्राचार्य विपिन तिवारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डीएफओ अर्पित गंगवार का स्वागत किया।इस अवसर पर माह में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्र-छात्राओं कुमारी पूनम, कुमारी प्रयागा एवं विकास कुमार को डीएफओ द्वारा शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान डीएफओ गंगवार ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा जंगल एवं पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि वन और पर्यावरण की सुरक्षा केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

कार्यक्रम में रेंजर महेश पटेल, गजेंद्र नाग,जयप्रकाश पटेल, जयप्रकाश तिवारी, रामकेत द्विवेदी, प्रीति विश्वकर्मा आदि मौजूद रहीं।

धान उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर

किसानों का भूमि, फसल एवं रकबे का विवरण एग्रीस्टेक डाटाबेस से होगा सत्यापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। पंजीयन की प्रकिया 10 अक्टूबर तक चलेगी। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने जिले में किसान पंजीयन के लिए कुल 51 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए हैं।

इस वर्ष किसान पंजीयन प्रक्रिया को एग्रीस्टेक डाटाबेस से जोड़ा गया है। पंजीयन के दौरान किसान के स्वामित्व वाले खसरे, रकबे तथा बोई गई फसल की जानकारी एग्रीस्टेक डाटाबेस से प्राप्त होगी। इससे पंजीयन में किसान की वास्तविक भूमि एवं फसल संबंधी जानकारी का सत्यापन किया जा सकेगा।

पंजीयन केन्द्रों पर खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए दो विकल्प उपलब्ध है। एक विकल्प विगत वर्ष पंजीकृत किसानों के लिए तथा दूसरा नवीन किसानों के पंजीयन के लिए होगा। पूर्व पंजीकृत किसान आधार नंबर, समग्र परिवार आईडी, मोबाइल नंबर, एग्रीस्टेक किसान आईडी अथवा विगत वर्ष की किसान पंजीयन आईडी दर्ज कर अपना विवरण प्राप्त कर सकेंगे। आवश्यकता होने पर विवरण में नियमानुसार संशोधन किया जा सकेगा। नवीन किसानों को आवेदन में अपना पूरा विवरण दर्ज करना होगा।

पंजीयन के दौरान किसान का सही आधार नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा। आधार का बायोमैट्रिक अथवा ओटीपी सत्यापन होने के बाद यूआईडीएआई के आधार डाटाबेस में दर्ज किसान की जानकारी ई-उपार्जन पोर्टल पर प्राप्त होगी। किसान के नाम और विवरण का आधार डाटाबेस से मिलान होने पर ही पंजीयन सुरक्षित किया जा सकेगा।

किसान पंजीयन में भूमि के खसरा नंबर, रकबा और बोई गई फसल की जानकारी एग्रीस्टेक डाटाबेस से ली जाएगी। पंजीयन में संबंधित किसान के खसरे की ही जानकारी दर्ज की जा सकेगी। यदि एग्रीस्टेक में किसान के सभी खसरे उपलब्ध नहीं हैं, तो शेष खसरे संबंधित पटवारी, सीएससी, ग्राम सहायक अथवा फार्मर रजिस्ट्री एमपी मोबाइल ऐप के माध्यम से एग्रीस्टेक डाटाबेस में जोड़े जा सकेंगे। खसरे में दर्ज फसल तथा उसके सिंचित अथवा असिंचित रकबे के आधार पर पंजीयन किया जाएगा। किसान को आवेदन में खसरेवार बोई गई फसल का विवरण दर्ज कराना होगा। ई-उपार्जन पोर्टल को एग्रीस्टेक से एकीकृत किए जाने के कारण भू-स्वामी के स्वामित्व वाले खसरे, फसल एवं रकबे की जानकारी के साथ किसान का यूनिक कोड और एग्रीस्टेक फार्मर आईडी भी पंजीयन डाटा में दर्ज होगा।

आधार नहीं होने पर भी निर्धारित प्रक्रिया से पंजीयन की सुविधा

जिन किसानों के पास आधार नंबर नहीं है, उन्हें आधार केन्द्र पर जाकर आधार के लिए आवेदन करना होगा। समग्र आईडी अथवा आधार आवेदन की पंजीयन पावती के आधार पर भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किसान का पंजीयन किया जा सकेगा। किसान द्वारा दर्ज मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से सत्यापन के बाद पंजीयन सुरक्षित किया जाएगा। सफल पंजीयन के बाद इसकी जानकारी किसान को एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी। किसान पंजीयन की जानकारी का प्रिंट भी पोर्टल से प्राप्त कर सकेगा।

सिकमी, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन सहकारी समितियों तथा सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर किया जाएगा। यदि सिकमी अथवा बटाईदार किसान ने एक से अधिक किसानों की भूमि सिकमी या बटाई पर ली है, तो प्रत्येक मूल किसान के साथ पृथक अनुबंध करना होगा और प्रत्येक के लिए अलग पंजीयन किया जाएगा। ऐसे किसानों को मूल किसान तथा स्वयं के आधार नंबर, एग्रीस्टेक किसान आईडी और निर्धारित प्रारूप में सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति पंजीयन केन्द्र पर प्रस्तुत करनी होगी। अनुबंध की स्पष्ट स्कैन प्रति ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में रखे प्रभावी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने दुर्गा पूजा, दशहरा पर्वों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना कुठला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल की सतर्कता परखी और रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी श्री विश्वकर्मा ने थाने में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, ड्यूटी रजिस्टर, कार्यप्रणाली और रात्रिकालीन गश्त (नाइट पेट्रोलिंग) की विस्तृत समीक्षा की। प्रमुख त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय क्षेत्र में लगातार पुलिस भ्रमण और गश्त सुनिश्चित की जाए ताकि आम नागरिक सुरक्षित महसूस कर सकें। एसपी ने स्पष्ट किया कि रात्रि के समय पुलिस की सक्रियता ही अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था की मुख्य रीढ़ होती है। उन्होंने ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी और अधिकारियों को निर्देश दिया कि संदिग्ध व्यक्तियों और असामाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। मुख्य चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर गश्त बढ़ाई जाए। किसी भी अप्रिय स्थिति या सूचना मिलने पर बिना देरी किए त्वरित कार्रवाई की जाए।

खबर संक्षेप

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग पर कांग्रेस का प्रदर्शन, बस स्टैंड पर फूंका पुतला

पवई। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पवई ने बस स्टैंड के पास प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला भी दहन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है। उनका कहना था कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं और सत्ताधारी दल के इशारे पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद पुतला दहन कर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सबसे महत्वपूर्ण है। यदि चुनाव आयोग ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया तो कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करेगी। **ये रहे मौजूद:** प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित अनिल तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र नामदेव, वरिष्ठ कांग्रेसी रम्मू मणि यादव, रामसेवक सिंगरौल, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजपाल सिंह, भूपत साह बुंदेला, जीवन लाल सिद्धार्थ, शरण लोधी, खुशी लाल चौधरी, छबिलाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में कृष्ण कुमार सिंह का शानदार प्रदर्शन

पन्ना में खुशी की लहर

पन्ना। पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम मेहंदीपुरवा निवासी कृष्ण कुमार सिंह पुत्र रामकिशोर सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर पन्ना जिले सहित मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। वर्तमान में इंदौर में बीसीए की पढ़ाई कर रहे कृष्ण कुमार सिंह ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय कबड्डी चौंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। 1 से 3 अक्टूबर तक नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी चौंपियनशिप में विभिन्न देशों के चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में भारत और नेपाल के बीच भिड़ंत हुई, जिसमें भारतीय टीम ने नेपाल को पराजित कर जीत हासिल की। इसके बाद दूसरे मुकाबले में भारत ने भूटान को हराया। तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को पराजित कर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। इसके बाद चौथे मुकाबले में एक बार फिर भारत और नेपाल आमने-सामने हुए, जिसमें भारतीय टीम ने नेपाल को हराकर विजय हासिल की। इन मुकाबलों के दौरान कृष्ण कुमार सिंह के खेल प्रदर्शन की खेल प्रेमियों और प्रतियोगिता आयोजकों ने सराहना की। उनकी मेहनत, खेल के प्रति समर्पण और शानदार प्रदर्शन ने क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कृष्ण कुमार सिंह की इस उपलब्धि से पन्ना जिले के खेल प्रेमियों और युवाओं में उत्साह का माहौल है।

पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की ली परेड, बेहतर एवं सामाजिक पुलिसिंग पर दिया जोर

आईजी ने किया हटा थाना का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



नवागत सागर रेंज आईजी इरशाद वली ने गुरुवार को पहली बार हटा पुलिस थाना पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के साथ थाना भवन एवं पुलिस परिसर का जायजा लिया और व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर की। निरीक्षण के दौरान आईजी इरशाद वली ने हटा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, आबादी, पहुंच मार्गों सहित क्षेत्र की पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को बेहतर, सक्रिय एवं सामाजिक पुलिसिंग पर विशेष जोर देते हुए आमजन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। आईजी ने पुलिस व्यवस्था से जुड़ी सभी आवश्यक कार्यवाहियों को सक्रियता के साथ संचालित करने तथा क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर सतत नजर रखते हुए अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने की बात कही। इस दौरान आईजी ने थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लाइनअप लेकर परेड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कर्मचारियों को कर्तव्य के प्रति सजग रहते हुए पूरी सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान हटा एसडीओपी केपी सिंह, थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

हिण्डोरिया में जन संवाद उद्यम संवाद कार्यक्रम आज

दमोह। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आमजन की समस्याओं के निराकरण और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 9 अक्टूबर 2026 को दमोह विकासखंड में जन संवाद/उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रस्तावित स्थल नगर परिषद कार्यालय परिसर, हिंडोरिया रहेगा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत दमोह एवं नगर परिषद हिंडोरिया क्षेत्र के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र शामिल होंगे। इसके अंतर्गत 24 ग्राम पंचायतों तथा नगर परिषद हिंडोरिया के समस्त 15 वार्डों को शामिल किया गया है। जन संवाद के दौरान ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याएं, मांग एवं सुझाव प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे। संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं के निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करेंगे। अभियान का उद्देश्य आमजन और शासन-प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करते हुए समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। बलारपुर, हलगज, रियाना, खड़ेरा, मुड़ारीजुझार, पिपरिया टिकरी, टिकरीबुजुर्ग, बांदकपुर, गुंजी, नोनपानी, घाटपिपरिया, मुहली, छापरीठाकुर, बिलाई, खामखेड़ा, कुआखेड़ानायक, आंखखेड़ा, पटौहां, कादीपुर, लुहर्रा, आमखेड़ा, बन्हेरी, आंवरी एवं भदौली कुल 24 ग्राम पंचायतें नगरीय क्षेत्र- नगर परिषद हिंडोरिया के समस्त 15 वार्ड शामिल है।

अग्रसेन जयंती पर एक मिनट प्रतियोगिता का आयोजन



दमोह। अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा, दमोह द्वारा मनोरंजन, ज्ञान-विकास, त्वरित निर्णय क्षमता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सरप्राइज गेम—1 मिनट प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल मनोरंजन तक सीमित न होकर ज्ञान-विकास, आपसी मधुरता, सामाजिक जुड़ाव एवं आत्म-विकास की भावना को मजबूत करता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगल गान के साथ हुआ। प्रतियोगिता की प्रायोजक श्रीमती रमा अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा एवं श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल, सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं वरिष्ठ सदस्य रहीं। "समाज की प्रगति केवल किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि से नहीं, बल्कि एक-दूसरे का हाथ थामकर आगे बढ़ने से होती है। हमारा प्रयास है कि प्रतिभा को अवसर मिले, बच्चों में आत्मविश्वास बढ़े और समाज का प्रत्येक सदस्य अपनी क्षमता के साथ आगे बढ़े। सहयोग हमारे लिए केवल दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पण है; क्योंकि जब हम किसी एक को आगे बढ़ाते हैं, तो वास्तव में पूरे समाज को आगे बढ़ाते हैं।" कार्यक्रम में मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा, दमोह इकाई के विभिन्न पदाधिकारी एवं सदस्य श्रीमती रमा अग्रवाल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रीतु अग्रवाल उपस्थित रहे और आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती रमा अग्रवाल एवं श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों, पदाधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की गतिविधियों में सभी का सहयोग ही आयोजन को सार्थकता प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में संभागीय उपाध्यक्ष रितु अग्रवाल जिला अध्यक्ष तारामणि नगर अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल है मीडिया प्रभारी निशा सह सचिव वंदना अग्रवाल सांस्कृतिक मंत्री ज्योति मंत्री अर्चना सहित मंजिल अग्रवाल अंजलि अग्रवाल कल्पना रेखा सुप्रिया रोशनी रिद्धि राधा रेखा करना विद्या सारिका अभिधा रूबी ज्योति रोशनी सुनीता रंजीत अर्चना फर्स्ट गेम में मंजुला अनिल अग्रवाल तनु दीपक अग्रवाल सेकंड आंसु मयंक अग्रवाल थर्ड रहीं ।

बागेश्वर धाम की रथ यात्रा को लेकर एसडीएम तहसीलदार ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



हटा। पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा-2026 के हटा में 12 अक्टूबर की शाम आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। रथयात्रा के स्वागत, मार्ग व्यवस्था, धार्मिक आयोजनों तथा देशभर से साथ आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को हटा आयोजक मंडल के साथ एसडीएम राकेश मरकाम तहसीलदार उमेश तिवारी थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर आयोजन समिति के पदाधिकारी से विस्तृत चर्चा की। बैठक में हटा रथयात्रा के प्रभारी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी ने यात्रा की विस्तृत रूपरेखा रखते हुए एसडीएम को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बागेश्वर धाम सरकार की रथयात्रा 12 अक्टूबर को शाम हटा नगर के पन्ना नाका पहुंचेगी, जहां पर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज का भव्य स्वागत किया जाएगा। वहीं पुष्पेंद्र सिंह हजारी ने एसडीएम तहसीलदार को अवगत कराया कि सर्वप्रथम महाराज जी गौरी शंकर मंदिर पहुंचेंगे जहां से सीधे कार्यक्रम स्थल दद्दा कला मंच पर हनुमान चालीसा पाठ उपरांत धर्म सभा को संबोधित कर दिव्या दरबार आयोजित होगा। वही उन्होंने महाराज श्री के रात्रि विश्राम एवं रथ यात्रा में शामिल लोगों के ठहरने भोजन पार्किंग व्यवस्था से अवगत कराया। वहीं एसडीएम राकेश मरकाम ने आयोजक मंडल से कहा कि व्यवस्थाओं हेतु अलग-अलग कार्यकर्ताओं की टीम गठित कर चिन्हित सभी के आई कार्ड जारी करें ताकि प्रशासन सुनिश्चित रूप से व्यवस्थाओं में सहयोग कर सकें। इस दौरान रामगोपाल मंदिर के महंत श्री श्याम दास जी महाराज, भाजपा नेता लालचंद खटीक, थाना प्रभारी सुधीर बेगी, विवेक जी रिक्की असाटी, धर्मेंद्र साहू उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के पुतला दहन में हुई झूमा झटकी, थाना प्रभारी के हाथ झुलसे...

राहुल गांधी को हिरासत में लेने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



दिल्ली में राहुल गांधी समेत कांग्रेस और विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिए जाने के विरोध में गुरुवार की शाम नगर के बड़ा बाजार में जय स्तंभ के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश मोनू पटेरया के नेतृत्व में कार्यकर्ता बडा. बाजार पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, एवं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। तीनों की पुतला दहन के दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने पुतला छीनने को लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच कुछ देर झूमा झटकी भी हुई इस दौरान थाना प्रभारी सुधीर बेगी के दोनों हाथ झुलस गए।

बाजार में भीड़ बढ़ने पर पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हटाने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया लेकिन कांग्रेसियों को तितर वितर करनें का प्रयास भी असफल रहा पुलिस द्वारा पुतले छीननें का भी प्रयास किया गया लेकिन कांग्रेसियों ने पुलिस से बचाते हुए पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के बाद कांग्रेसियों द्वारा कार्यपालक मजिस्ट्रेट उमेश तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष दीपेश पटेरिया ने कहा कि राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को दिल्ली में निर्वाचन आयोग की ओर मार्च के दौरान हिरासत में लिया गया। कांग्रेस नेताओं ने इसे लेकर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ विरोध जताया। पटेरिया ने कहा कि राहुल गांधी के सम्मान के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता अपना विरोध जारी रखेंगे। वहीं ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शांतिपूर्ण आंदोलनों को दबाने की कोशिश कर रही है। हटा में प्रदर्शन के दौरान पुलिस की मौजूदगी में नारेबाजी और पुतला दहन किया गया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को हटाया।

इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश सराफ नगर कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश पटेरिया धनश्याम यादव सौरभ राय विनोद बर्मन राजेश यादव विवेक जैन सहित कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

निसई जी सूखा में तीन दिवसीय रत्नत्रय महोत्सव कल से



दमोह। श्री तारण तरण दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र निसई जी सूखा में श्री ममल पाहुड़ जी ग्रंथ स्थापना, वाचन, तिलक महोत्सव एवं जिनवाणी पालकी समारोह के तहत तीन दिवसीय रत्नत्रय महोत्सव का शुभारंभ कल से होगा। आयोजन बाल ब्रह्मचारी धर्मेंद्र भैया एवं विदुषी बहनों के सानिध्य में संपन्न होगा। महोत्सव के प्रथम दिन जिनवाणी जी स्थापना, ध्वजारोहण एवं मंदिर विधि का आयोजन होगा। रात्रि में ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दूसरे दिन प्रवचनों की श्रृंखला जारी रहेगी। अंतिम दिन तिलक आरती के बाद जिनवाणी जी की स्वर्ण-रजत पालकी तीर्थ परिक्रमा के लिए रवाना होगी, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगी। महोत्सव में देशभर से तारण तरण दिगंबर जैन समाज के हजारों गुरु भक्तों के शामिल होने की संभावना है। आयोजक परिवार शैलेन्द्र जैन एवं सविता जैन, चौरई द्वारा श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मंत्री के.सी. जैन ने सभी धर्मावलंबियों से आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

काला दिवस मनाकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन

तेंदूखेड़ा। भारतीय लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के मुद्दे को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तेंदूखेड़ा द्वारा बुधवार, 8 अक्टूबर को काला दिवस मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए और जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन के दौरान किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। फायर ब्रिगेड की मदद से पुतले को बुझाया गया,



जिसके बाद पुलिस ने पुतले को अपने कब्जे में ले लिया। एसडीओपी अर्चना अहीर के निर्देश पर थाना प्रभारी सरोज ठाकुर के मार्गदर्शन में पुलिस व्यवस्था संभालती रही। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम तेंदूखेड़ा के माध्यम से सौंपने का प्रयास किया। एसडीएम के मौके पर मौजूद नहीं होने के कारण ज्ञापन एसडीओपी अर्चना अहीर ने प्राप्त किया। ज्ञापन में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी तथा इंडिया गठबंधन के करीब 300 सांसदों द्वारा निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग को लेकर किए जा रहे शांतिपूर्ण मार्च के दौरान उनके साथ दुर्व्यवहार, बल प्रयोग और लाठीचार्ज किया गया। कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में दोषी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तथा संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलेश यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ऋषभ सिंघई, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रामकुमार साहू, पूर्व पार्षद दिलीप खटीक, जमुना प्रसाद यादव, मंडलम अध्यक्ष प्रमोद बेन, गौरव दुबे, रजनीश यादव, राहुल चौकसे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जमीन पर आलिशान मकान और सरकारी रिकॉर्ड में धान

पटवारी का गजब कारनामा पक्के मकान की जगह सिस्टम पर दिखा दी धान की फसल किसान हुए परेशान

दमोह। जिले के तेन्दूखेड़ा में पटवारी और सर्वेयर का गजब कारनामा देखने को मिला है गिरदावरी एप में पक्के मकान को धान का खेत बता दिया है इससे किसानों को दिक्कतों का करना पड़ रहा सामना तेन्दूखेड़ा। सरकारी सिस्टम की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसे देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे. यहां पटवारी और सर्वेयर ने किसान के खेत में नहीं, बल्कि पक्के मकान के खसरे में धान की फसल उगा दी. अब सवाल ये है कि जब खेत ही नहीं रहा, तो किसान अपनी फसल कहां से दिखाए और बैंक का कर्ज कैसे चुकाए

क्या है पूरा मामला

मामला दमोह जिले की तेंदूखेड़ा तहसील के अमवाही गांव का है. जहां 60 वर्षीय महिला किसान हक्को बाई के नाम दर्ज खसरा नंबर 289 पर पक्का मकान बना हुआ है लेकिन सरकारी गिरदावरी के आंकड़ों में इसी खसरे पर धान की फसल दर्ज कर दी गई किसान राम सिंह पाल का आरोप है कि पटवारी और सर्वेयर की मिलीभगत से उनके मकान वाले खसरे में धान की गिरदावरी चढ़ा दी गई. फसल बोने के लिए उन्होंने बैंक से कर्ज लिया था लेकिन गलत गिरदावरी के चलते फसल का पंजीयन ही नहीं हो सका.

किसान ने लगाए आरोप

किसान का दर्द ये है कि अगर खेत में फसल होती तो उसे बेचकर बैंक का कर्ज चुकाया जा सकता था. लेकिन अब सवाल ये है कि जिस खसरे में फसल कागजों में उगाई गई है, उस जमीन पर पक्का मकान खड़ा है. फसल होती तो व्यापारी को बेच देता या फिर बैंक में भर देता लेकिन व्यापारी मकान तो खरीदेगा नहीं इतना ही नहीं रामसिंग पाल का आरोप है कि ये समस्या सिर्फ उनके गांव तक सीमित नहीं है बल्कि तेंदूखेड़ा से लेकर तारादेही, झलोन, सर्रा क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में किसानों ने मक्का बोया है लेकिन आरोप है कि गिरदावरी में मक्के की जगह धान दर्ज कर दी गई है. वहीं तेंदूखेड़ा हल्का पटवारी ने जमीन पर खड़े पक्के मकान के खसरों पर भी धान उगा दी है

सिस्टम पर उठ रहे सवाल

क्या मौके पर जाकर गिरदावरी की गई? अगर की गई, तो मकान के खसरे में धान कैसे दर्ज हो गई और अगर मौके पर जांच नहीं हुई, तो फिर सरकारी आंकड़े किस आधार पर तैयार किए गए? किसानों का आरोप है कि आंकड़े दुरुस्त दिखाने के चक्कर में जमीन पर कुछ और और सरकारी रिकॉर्ड में कुछ और दर्ज कर दिया गया फिलहाल किसान की मांग है कि गिरदावरी रिकॉर्ड की जांच हो. गलती सुधारकर फसल का पंजीयन कराया जाए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो क्योंकि सवाल सिर्फ एक किसान का नहीं है. सवाल ये है कि अगर सरकारी रिकॉर्ड में ही खेत की फसल बदल जाएगी, तो किसान अपने हक की फसल आखिर कहां तलाशेगा वहीं, हरदुआ पांजी गांव के रहने वाले किसान कृष्णा यादव का आरोप है कि उनके गांव में एक भी किसान ने मूंग की फसल नहीं बोई लेकिन पटवारियों ने 50 से ज्यादा किसानों के खसरों में मूंग की फसल चढ़ा दी है वर्तमान में खेतों में मक्का की फसल खड़ी हुई है, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड कह रहा है कि किसान ने मूंग की फसल बोई है, कैसे?

सेवा संकल्प अभियान के तहत सेक्टर स्तरीय बैठक आयोजित

सामाजिक गतिविधियों पर बनी रणनीति

बनवार । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे एक माह के 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत कारस देव वाटिका में सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और जनभागीदारी पर आधारित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव और विकासखंड समन्वयक वंदना जैन ने अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह लोधी ने "देश की सेवा ही नारायण सेवा है" का संदेश देते हुए आमजन से समाज हित के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव ने कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से जुड़ी समितियां जनभागीदारी से अभियान को सफल बनाने में जुटी हैं। वहीं परामर्शदाता लोकेन्द्र सिंह लोधी ने 'मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम' पर प्रकाश डालते हुए कुशल नेतृत्व को समाज के बदलाव का आधार बताया। बैठक के दौरान उपस्थित जनों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर माधव प्रसाद यादव, पुरुषोत्तम दुबे, मिट्ठू रैकवार, अनु रैकवार, मुल्तान सिंह लोधी, लेखन सिंह अहिरवार, राहुल यादव और कडोरी सिंह लोधी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता घनश्याम सिंह लोधी ने किया तथा अंत में समिति सचिव ने आभार व्यक्त किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन काली पट्टी बाँधकर जताया विरोध



पथरिया। दिल्ली में कांग्रेस नेता व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए जाने के विरोध में कांग्रेस कमेटी पथरिया ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर इसे काला दिवस बताया और केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। दिल्ली की घटना को लेकर कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी संवैधानिक अधिकारों के तहत सरकार और निर्वाचन व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन दिल्ली में पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया कांग्रेस का कहना है कि लोकतंत्र में विपक्ष को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने का अधिकार है। पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र राव ने कहा कि यदि भाजपा सरकार इसी तरह अपनी मनमानी करती रही तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज दबाने के प्रयासों का कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी। केंद्र सरकार से विपक्ष के लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान करने की मांग की।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत आज 9 अक्टूबर को

दमोह। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत 9 अक्टूबर 2026 को विकासखंड दमोह अंतर्गत जनपद पंचायत दमोह की चिन्हित 24 ग्राम पंचायतों तथा नगर परिषद हिण्डोरिया के 15 नगरीय वार्डों में अधिकारियों द्वारा भ्रमण एवं विभिन्न कार्यालयों तथा संस्थाओं के निरीक्षण की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा अभियान के तहत अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे 9 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से निर्धारित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय वार्डों में उपस्थित होकर भ्रमण करें तथा वहां संचालित विभिन्न संस्थाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण सुनिश्चित करें। श्री यादव ने निर्देश दिए हैं कि अधिकारी निरीक्षण एवं भ्रमण की कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत अपराह्न 2.30 बजे तक राजगढ़ी मैदान, हिण्डोरिया में आयोजित जन संवाद/उद्यम संवाद कार्यक्रम शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के माध्यम से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में शासन की योजनाओं, सेवाओं तथा संस्थाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के साथ नागरिकों की समस्याओं को समझने और उनके निराकरण की दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

16 अक्टूबर तक कटनी-बीना रूट लॉक

आज से राज्यरानी सहित अनेक ट्रेने रहेंगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सागर के लोगों को 9 से 16 अक्टूबर तक रेल से यात्रा बाधित होने जा रही है। दरअसल, पश्चिम मध्य रेलवे के बीना स्टेशन यार्ड में उत्तर मध्य रेलवे की ओर से आगासौद-बीना के मध्य तीसरी रेल लाइन को बीना से जोडऩे के लिए यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए प्री-नानइ टरलाकिंग तथा नानइंटरलाकिंग किया जाना है। कार्य के दौरान ट्रेनों के सुरक्षित एवं सुचारु परिचालन को ध्यान में रखते हुए अनेक ट्रेनों को निरस्तए परिवर्तित मार्ग से संचालित, शॉर्ट टर्मिनेट, शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया है।

यहां 12 अक्टूबर 2026 तक प्री नान इंटर लाकिंग चरण तथा 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक नानइंटरलाकिंग चरण निर्धारित है। इस दौरान आपको गंतव्य तक पहुंचाने वाली ट्रेन निरस्त या अलग रूट से भी जा सकती हैं। इस रूट की महत्वपूर्ण ट्रेन दमोह-राज्यरानी सुपर फास्ट 9 अक्टूबर से 15 तक बंद हो रही है। 7 से 14 अक्टूबर तक कामायनी एक्सप्रेस वाया जबलपुर जाएगी, ऐसे में यह भी नहीं आएगी। वहीं 7 अक्टूबर को सुबह दमोह पहुंचने वाली बिलासपुर भोपाल ट्रेन भी अब मालखेड़ी तक ही 16 अक्टूबर तक जाएगी। इसके अलावा दर्जनों ट्रेनें डाइवर्ट हुई हैं, तो कुछ बंद भी हुई हैं। बीना-कटनी रूट पर बीना- कटनी मुड़वारा 28 सितंबर से ही निरस्त है, जो कि 15 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी। दूसरी तरफ से भी यह ट्रेन इतने ही फेरे बंद रहेगी। रानी कमलापति-संतरागाछी 14 अक्टूबर को और वापसी में 15 अक्टूबर को निरस्त रहेगी। भोपाल-दमोह- भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस 9 से 15 अक्टूबर तक और वापसी में 10 से 16 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी।

यह ट्रेनें भी नहीं पहुंचेगी दमोह सागर

वेरावल-जबलपुर 10 व 12 अक्टूबर, वापसी में 9 व 12 अक्टूबर। रेवांचल 8 से 14 अक्टूबर दोनों ओर से। हावड़ा भोपाल 12 को वापसी में 14 अक्टूबर को, भोपाल धनबाद 9,12 और 15, दूसरी तरफ से 10,11 और 14 अक्टूबर को, भोपाल- चोपन 11 अक्टूबर, दूसरी ओर से 12 अक्टूबर। भोपाल सिंगरौली 10,13,14 को और दूसरी तरफ से 9 व 13 को। कामायनी एक्सप्रेस 7 से 14 अक्टूबर तक दोनों ओर से।

इन ट्रेनों से नहीं होगा बीना से भोपाल का सफर, गुना से सीधी मक्सी जाएंगी.. रीवा डॉ. आंबेडकरनगर 8,11 और 13 अक्टूबर, दूसरी तरफ से 9,12 और 14 अक्टूबर इंदौर-हावड़ा 9 से 13 अक्टूबर, दूसरी तरफ से 9 से 12 अक्टूबर। अहमदाबाद दरभंगा 9 अक्टूबर, वापसी में 14 अक्टूबर। भुज शालीमार 13 अक्टूबर। अहमदाबाद पटना एक्सप्रेस 11 अक्टूबर, दूसरी तरफ से 13 अक्टूबर। बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर 12 अक्टूबर , दूसरी ओर से 13 अक्टूबर। भुज-शालीमार 13 अक्टूबर को, दूसरी तरफ से 10 अक्टूबर। अहमदाबाद-कोलकाता 14 अक्टूबर को, दूसरी तरफ से 10 अक्टूबर। अहमदाबाद- पटना 11 अक्टूबर को अहमदाबाद-गोरखपुर 9 से 15 अक्टूबर, दूसरी ओर से 7 से 14 अक्टूबर। बिलासपुर- भोपाल 6 से 14 अक्टूबर और वापसी में 7 से 15 अक्टूबर बीना मालखेड़ी स्टेशन तक जाएगी और यहां से वापस होगी। कटनी-बीना सवारी सेवा 15 अक्टूबर तक और दूसरी तरफ से बीना- कटनी सवारी सेवा 16 अक्टूबर तक 17 फेरे ट्रेन खुरई स्टेशन तक जाएगी और वहां से ही वापस होगी।

त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं भव्यता से मनायें - कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

शारदेय नवरात्र, गरबा, दशहरा चल समारोह, दीपावली एवं गुरु नानक जयंती सहित आगामी पर्वों को हर्षोल्लास, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जायेगी। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक में विशेष रूप से महिला एवं श्रद्धालु सुरक्षा, पंडालों एवं आयोजन स्थलों की सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश, यातायात और विसर्जन व्यवस्था एवं जनसुविधाओ पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि सहित शांति समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने कहा सभी त्योहार धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हों तथा किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने कहा नगर में साफ-सफाई, प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, खराब सड़कों की मरम्मत सहित अन्य आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने आयोजकों से भी अपील की कि वे अपने-अपने आयोजनों में आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखें और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। कलेक्टर ने कहा त्योहारों के दौरान नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।

100 वर्ष की गौरवशाली रावण दहन परंपरा

कलेक्टर श्री यादव ने कहा शांति समिति की बैठक में जिले की गौरवशाली परंपराओं को लेकर भी चर्चा हुई। दमोह में लगभग 100 वर्षों से रावण दहन की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने कहा रावण दहन के आयोजन के लिए दमोह का नाम देश के गिने-चुने स्थानों में आता है। इस परंपरा के 99 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और इस वर्ष 100 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने कहा आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन द्वारा इस बार और बेहतर व्यवस्थाओं एवं सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के साथ त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। सभी पंडालों में विद्युत व्यवस्था, जनरेटर, अग्निशमन यंत्र, पानी और आपातकालीन संसाधनों की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बड़े पंडालों की मजबूती का संबंधित अधिकारियों द्वारा परीक्षण कर आवश्यक प्रमाण-पत्र देने को कहा गया। मूर्ति स्थापना एवं आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे इस प्रकार लगाए जाएं कि प्रवेश, निकास, मूर्ति स्थल और पूरा परिसर निगरानी में रहे। रिकॉर्डिंग का बैकअप पर्व समाप्ति के बाद भी सुरक्षित रखा जाए। मूर्ति लाने से पूर्व संबंधित थाना प्रभारी एवं तहसीलदार को सूचना देने के लिए कहा गया।

पटाखा बाजार में सुरक्षा मानकों का पालन

पटाखों के अस्थाई लाइसेंस नियमानुसार आवेदन के 24 घंटे के भीतर जारी करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पटाखा बाजार के लिए ऐसे स्थल का चयन किया जाएगा, जहां पर्याप्त पार्किंग हो तथा दुकानों के बीच निर्धारित दूरी रखी जा सके, ताकि सुरक्षा मानकों का पालन हो।

प्रतिमा विसर्जन में भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए क्रेन के माध्यम से विसर्जन की व्यवस्था पर शांति समिति ने सहमति व्यक्त की। इसके लिए 8×8 फीट का प्लेटफॉर्म तैयार करने तथा आयोजकों एवं यातायात पुलिस के समन्वय से आवश्यक व्यवस्था बनाने का निर्णय लिया गया। त्योहारों के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए घंटाघर सहित प्रमुख बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था पर विशेष चर्चा हुई। सड़क पर अस्थाई दुकानें लगाने तथा दुकानों के बाहर सामान रखने से होने वाली समस्या को देखते हुए व्यापारियों से सहयोग की अपेक्षा की गई। कलेक्टर ने विद्युत तारों एवं अस्थाई कनेक्शनों की जांच कर सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कटी-पड़ी तारों को तत्काल व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। पंडालों में अग्निशमन उपकरण एवं पानी की उपलब्धता अनिवार्य रूप से रखने को कहा गया। कलेक्टर श्री यादव ने कहा गणेश उत्सव के दौरान जिस तरह नागरिकों, आयोजकों, व्यापारियों और प्रशासन ने आपसी सहयोग से व्यवस्थाएं सफल बनाई थीं, उसी भावना से आगामी पर्वों को भी सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने में सभी सहयोग करें। शांति समिति की बैठक में सामने आए सुझावों एवं चिंताओं पर समयबद्ध कार्रवाई करते हुए प्रशासन पर्वों के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तत्परता से सुनिश्चित करेगा।

पुलिस ने की सुरक्षा समीक्षा



दमोह। आगामी नवरात्रि, गरबा महोत्सव एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जबलपुर नाका स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, सीएसपी एचआर पांडे, कोतवाली टीआई मनीष कुमार, यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को सहित विभिन्न दुर्गा उत्सव, गरबा एवं दशहरा समितियों के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। एसपी ने आयोजकों को पंडाल निर्माण, मूर्ति स्थापना, गरबा, डीजे एवं दशहरा चल समारोह के लिए निर्धारित समय में सक्षम अधिकारी से वैधानिक अनुमति लेने के निर्देश दिए। पंडालों एवं गरबा स्थलों पर पर्याप्त वालंटियर्स, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन उपकरण एवं आपातकालीन निकास की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। महिलाओं, युवतियों एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रवेश द्वारों पर उचित जांच एवं पहचान सत्यापन की व्यवस्था रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल पुलिस को सूचना देने के निर्देश दिए गए। ध्वनि विस्तारक यंत्र निर्धारित डेसिबल सीमा एवं समय-सीमा में ही संचालित करने को कहा गया। यातायात प्रभारी को बाजारों, पंडालों एवं विसर्जन मार्गों पर पार्किंग और यातायात की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली अफवाहों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

महादेव मंदिर में चोरी, चांदी व दानपेटी की नगदी ले गए चोर

पथरिया। नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित दमोह रोड के महादेव मंदिर में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। गुरुवार सुबह मंदिर पहुंचे स्थानीय लोगों को मुख्य दरवाजे के पांच ताले टूटे मिले। मंदिर से झूमर, दानपेटी की नगदी और चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी होने की जानकारी सामने आई।स्थानीय निवासी कालीचरण पटेरिया ने बताया कि मंदिर से तीन झूमर, दानपेटी में रखी नगदी, म्यूजिक सिस्टम, चांदी का मुकुट, नथ एवं चांदी का हार चोरी हुआ है। माता की प्रतिमा की श्रृंगार सामग्री भी गायब मिली। घटना की सूचना तत्काल पथरिया पुलिस को दी गई और कालीचरण पटेरिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मंदिर एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी महेंद्र जगेत ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

20 साल से शराब बेच रहे युवक का हृदय परिवर्तन, आमघाट में अवैध शराब बिक्री बंद कराने का लिया संकल्प



सिंग्रामपुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम आमघाट में बीते 20 वर्षों से अवैध शराब बेचने और स्वयं नशे का सेवन करने वाले एक व्यक्ति ने शराब का धंधा बंद कर नशामुक्त जीवन जीने का फैसला किया है। भगवती मानव कल्याण संगठन से प्रेरित होकर उसने न केवल शराब बेचना छोड़ा, बल्कि गांव में भी अवैध शराब की बिक्री न होने देने का निर्णय लिया है। इस बदलाव से गांव की महिलाओं ने खुशी जाहिर की है। अवैध शराब की बिक्री बंद होने पर गांव की महिलाओं का कहना है कि इससे गांव का माहौल सुधरेगा और परिवारों में शांति बनी रहेगी। महिलाओं ने मांग की है कि आमघाट की तर्ज पर समीपस्थ गांव कंजई में भी अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाई जानी चाहिए, जिससे आसपास के क्षेत्र को नशामुक्त बनाया जा सके। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह, किसान मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह धुर्वे, जनपद सदस्य देवेंद्र अहिरवार और प्रदीप सिंह उपस्थित रहे। साथ ही ओंकार प्रसाद मिश्रा, वृंदावन धनगर, विपिन मिश्रा, पंजी धनगर, रामलाल, केरा बाई, प्रवीण मिश्रा, बल्लू राय और सेठ सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और बच्चे मौजूद थे।

लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा हेतु कांग्रेसियों ने मनाया काला दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भारतीय लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा तथा निर्वाचन व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर 8 अक्टूबर 2026 को देशभर में काला दिवस मनाया जा रहा है। उसी तारतम्य में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्ट्रेट को कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि जिन लोगों के इशारे पर लोकसभा के नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी, श्रीमति प्रियंका गांधी एवं इंडिया गठबंधन के 300 सांसदो के दुव्यवहार पूर्वक वर्वरता पूर्वक बल प्रयोग एवं लाठी चार्ज किया गया है उनके विरूध एफ.आई.आर. दर्ज कर कठोर से कठोर कानूनी कार्यवाही की जाये। वीरेन्द्र दबे, तिलक सींग, विजय बहादुर सिंह, लालचंद राय, परम यादव, रजनी ठाकुर, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, डी.पी. पटैल, बबलू भटट, मंजीत यादव, आशुतोष शर्मा, बंसत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, मुकेश रोहिताश, डालचंद कुशवाहा, कमला निषाद, दिनेश रैकवार, लाखन सिंह, उवेद गौरी, नौशाद खान, अरवन्दि अवस्थी, अभिषेक डिम्हा, अभिषेक यादव, अनूप दबे, शानु जुनेजा ने भी नारेवाजी करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार सी.ई.सी. को बचाने में लगी है भाजपा के प्रवक्तओं द्वारा अर्नगल बयानवाजी की जा रही है पूरा देश का युवा चुनावो में पारदर्शिता की मांग करने पर पुलिस के सामने कर लाठिया चलायी जा रही है।

नगर के पार्षद अमर राजपूत, शैलेन्द्र सिंह, गोपाल मास्टर, मिक्की चंदेल के साथ साथ संदीप बरदिया, खिल्लू ठाकुर, बलराम ठाकुर, विनोद पटैल, गौरव राय, जावेद रोजान, एके. चिश्ती, रामकुमार सिरोठिया, विन्दू पटोटिया ने भी कहा कि आज हम यहाँ विरोध करने नहीं आये बल्कि इस देश की बंधक बनाने वाली ताकतो को हुक्मरानी को यह आवाज जो उठी हे हम बताना चाहते हे कि चुनाव आयोग की अनीतियो का पर्दाफाश हो चुका है और हम तब तक संघर्ष करेगे जब तक संबधित दोषियो के इस्तीफे नहीं हो जाते। इस अवसर पर श्रीकांत पौते, बाबू चौहान, दुर्गेश नामदेव, दिनेश परस्ते, रोहित सिंह के साथ अनेको कांग्रेसजनो की उपस्थिति रही।

सराफा व्यापारी की दुकान से चांदी से भरा थैला चोरी मामले में प्रकरण दर्ज

पटेरा। नगर के व्यस्त बाजार में सराफा व्यापारी राकेश सोनी की दुकान से करीब डेढ़ किलो चांदी के आभूषणों से भरा थैला चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार शाम करीब 5:30 बजे की बताई जा रही है। व्यापारी दुकान में बंधे पाल को खोल रहा था, इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर अज्ञात चोर चांदी के आभूषणों से भरा थैला लेकर फरार हो गया।थैले में प्लास्टिक के चार डिब्बों एवं दो अन्य डिब्बियों में कड़े, बच्चों के कड़े, नाग-नागिन, पायल, बिछिया सहित अन्य चांदी के आभूषण रखे थे, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने घटना के दो दिन बाद चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।गुरुवार को पुष्पेंद्र सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने पटेरा थाना में हटा एसडीओपी श्री सिंह से मुलाकात कर क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चर्चा की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हटा रोड स्थित सराफा दुकान में हुई चोरी के मामले में भी पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।व्यापारियों ने बाजार में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग नगर परिषद से करने की बात कही है।

आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

जबेरा। थाना जबेरा पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।पुलिस के अनुसार 20 सितंबर 2026 को भजिया निवासी गनपत यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पुत्र सोनू यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान गवाहों के कथनों के आधार पर मौसम झारिया एवं मोनू झारिया द्वारा मृतक को आत्महत्या के लिए उकसाने की बात सामने आई। इस पर थाना जबेरा में अपराध क्रमांक 287/26, धारा 108, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन तथा एसडीओपी तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने रात्रि में दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और दमोह न्यायालय में पेश किया।गिरफ्तार आरोपियों में मोनू झारिया (22) एवं मौसम झारिया (25), दोनों निवासी भजिया थाना जबेरा शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विकास सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक रणधीर सिंह, वीरेंद्र वाडेकर, रामगोपाल एवं आरक्षक शैलेंद्र सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



पटेरा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पटेरा द्वारा कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ कथित लाठीचार्ज, 300 सांसदों के साथ किए गए दुर्व्यवहार एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन के विरोध में राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी की गई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी लोकतंत्र, संविधान एवं जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाती रहेगी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नंदे चौरसिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, भरत ताम्रकार, पार्षद सौरभ ताम्रकार, कमलेश ताम्रकार, पार्षद गनपत कोरी, राजकुमार शुक्ला, द्वारका शुक्ला, निखिल जैन, शिवम चौरसिया, दिलीप अहिरवाल, नरेश अहिरवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

TIMES COLLEGE
Affiliated to Dr. Harisingh Gour University, Sagar
(A Central University)
प्रवेश का अंतिम अवसर
LAST DATE UNDER CLC ROUND - 10th OCTOBER
ARTS & SCIENCE :
B.A. (Computer)
B.Sc. (Maths / Biology)
B.Sc. (Computer Application)
B.Sc. (Biotechnology)
COMMERCE & MANAGEMENT :
B.B.A. (HR)
B.Com. (Plain)
B.B.A. (Finance)
B.Com. (Computer)
B.B.A. (Marketing)
M.Com.
COMPUTER SCIENCE :
B.C.A.
PGDCA.
For admissions register at:
www.dhsgsu.edu.in
All scholarship facilities provided by the government
CONTACT AT COUNSELLING CELL -
7389045040
TIMES COLLEGE
OF PHARMACY
Approved by PCI, New Delhi.
Affiliated to RGPV, Bhopal.
LAST DATE OF ADMISSIONS - 20th OCTOBER
D.Pharm.
B.Pharm.
62326 16479
CAMPUS - TIMES CAMPUS, IN FRONT OF VAISHALI NAGAR, DAMOH.
VISIT ON - WWW.TIMESCOLLEGEDAMOH.COM
CONTACT - 7389045040, 9926683317.